प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद–बांदा, उ0प्र0।

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 2020–21 / 7973 दिनांक : 13.3.2021

**विषयः राज्य स्तर की टीम द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के क्रम में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम. एण्ड ई. / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक 06.08.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय टीमों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अर्न्तगत जनपदों के भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 02–05 मार्च 2021 तक जनपद बांदा का भ्रमण किया गया एवं संचालित स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण किए जाने के सम्बन्ध में अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी है।

उक्त आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सम्बंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कराते हेतु बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय

(पराग वराडपाण्डे)
महाप्रबंधक–ई0एम0टी0एस0

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 2020–21 / तद्दिनांक :

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन.एच.एम., चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम., बांदा।

(पराग वराडपाण्डे)
महाप्रबंधक–ई0एम0टी0एस0

प्रेषक,

**अपर मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी,**
जनपद–बांदा, उ0प्र0।

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 2020–21 / दिनांक : 13.3.2021

**विषयः राज्य स्तर की टीम द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के क्रम में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम. एण्ड ई. / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक 06.08.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय टीमों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपदों के भ्रमण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के क्रम में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 02–05 मार्च 2021 तक जनपद बांदा का भ्रमण किया गया एवं संचालित स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण किए जाने के सम्बन्ध में अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी है।

उक्त आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सम्बंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही कराते हेतु बिन्दुवार अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः यथोक्त।**

भवदीय

**(पराग वराडपाण्डे)**
महाप्रबंधक–ई0एम0टी0एस0

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 2020–21 / 7973-6 तद्दिनांक :

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा।
5. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, एन.एच.एम., चित्रकूट धाम मण्डल, बांदा।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम., बांदा।

**(पराग वराडपाण्डे)**
महाप्रबंधक–ई0एम0टी0एस0

## सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या जनपद–बांदा
## भ्रमण तिथि– 02 से 05 मार्च 2021

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक–06.08.2020) राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 02 से 05 मार्च 2021 तक जनपद बांदा का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

### राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–

**श्री अभिषेक सोनी, परामर्शदाता–नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।**
**श्री मसूद सालिम, परामर्शदाता– परिवार नियोजन, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।**

### दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां / गतिविधियां–

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) –नरैनी, जनपद– बांदा।
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र –तिन्दवारी, जनपद– बांदा।
उपकेन्द्र / हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर – चिल्लाह, ब्लाक – तिन्दवारी, जनपद–बांदा
ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस – ग्राम परशहर
मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ फीडबैक बैठक।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) , नरैनी –

दिनांक 03 मार्च 2021 को राज्य स्तरीय दल द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–बांदा, चिकित्सा अधीक्षक एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0), नरैनी का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | विशेषज्ञ चिकित्सको के अभाव में सिजेरियन आपरेशन नहीं हो पा रहा है। | विशेषज्ञ चिकित्सको की व्यवस्था हेतु प्रयास किये जा रहे है। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 2 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 3 | एम्बुलेंस के निरीक्षण में प्रकाश में आया कि औषधियों को नियमानुसार नहीं रखा जा रहा है। | नियमित रूप से एम्बुलेंस का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 4 | आर0बी0एस0के0 वाहन पर स्टीकर एवं बैनर नहीं पाया गया। 2 टीमों में से एक टीम कोविड 19 की डयूटी में कार्यरत है। | दिशा–निर्देशानुसार व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 5 | एन0बी0एस0यू0 में मानव संसाधन यथा स्टाफ नर्स एवं बाल रोग चिकित्सक इत्यादि के पद | दिशा–निर्देशानुसार व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | खाली है | गया। | प्रबन्धक |
| 6 | लैब में रीजेन्ट वीडाल, यूरीन कन्टेनर, ई0डी0टी0ए0 वायल एवं प्लेन वायल तथा उपकरण सेन्ट्रीफयूज, रिर्जव इनवरटर तथा फिज आदि की उपलब्धता नहीं थी जिससे आवश्यक टेस्ट नहीं हो पा रहे। | समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये गये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–तिन्दवारी, जनपद– बांदा।

दिनांक 04 मार्च 2021 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, श्री अमन गुप्ता के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, तिन्दवारी का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय में लगभग 250 प्रसव प्रतिमाह होते है किन्तु प्रसव कक्ष में मानकानुसार पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध नहीं थी। इमरजेसी ट्रे में पर्याप्त दवायें नहीं, प्रसव कक्ष में पर्दे नहीं, डिलीवरी टेबल पर कैलीज पैड नही। | सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 2 | प्रसव कक्ष में न्यू बार्न केयर कार्नर नही | न्यू बार्न केयर कार्नर स्थापित करने के निर्देश दिये गये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 3 | प्रसव कक्ष में कोल्ड चेन में रखने योग्य औषधियों यथा आक्सीटोसिन इन्जेक्शन आदि के तापमान नियंत्रण की व्यवस्था नहीं। | नर्सिग स्टेशन में औषधियों हेतु फिज की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 4 | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की सुविधा नहीं, कार्यदायी संस्था द्वारा विगत कई माह से कचरा नही उठाया जा रहा, न ही वेस्ट मैनेजमेंट सम्बन्धी कोई सुविधा ही दी जा रही है। | कार्यदायी संस्था के कार्यो का सत्यापन करने व वेस्ट मैनेजमेंट सम्बन्धी सुविधा को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 5 | जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत डाइट रजिस्टर में 28 जनवरी 2021 के बाद अपडेट नहीं किया गया, लाभार्थीयों द्वारा औसतन 6 घंटे का ही प्रवास किया जाता है जबकि 28 जनवरी 2021 से पूर्व रजिस्टर में नाश्ता व दो समय का भोजन दिया जाना अंकित है। | मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यकम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |

## हेल्थ एण्ड वेलनस सेण्टर /स्वास्थ्य उपकेन्द्र–चिल्लाह

दिनांक 04 मार्च 2021 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, श्री अमन गुप्ता के साथ हेल्थ एण्ड वेलनस सेण्टर /स्वास्थ्य उपकेन्द्र–चिल्लाह का भ्रमण किया गया। पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य उपकेन्द्र को हैल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है, नवीन बिल्डिंग का निर्माण हुआ है किन्तु हस्तांतरित नहीं की गई है। सी0एच0ओ0 की तैनाती की गई है किन्तु आन्तरिक व्यवस्था मानकानुरूप नहीं पायी गयी। | मानकानुसार आंतरिक साज सज्जा एवं सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0** |
| 2 | प्रसव कक्ष में व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी। प्रोटोकाल मानकानुसार नहीं पाये गये। कैलिस पैड एवं डिलीवरी टेबिल मानकानुसार नहीं पाये गये। | एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार समस्त व्यवस्थायें मानकानुसार करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0** |
| 3 | ए0पी0एच0सी0 में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबन्धन की उचित व्यवस्था नहीं पायी गयी। | शीघ्रातिशीघ्र मानकानुरूप व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। | **चिकित्साधीक्षक / सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0** |
| 4 | हैल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर में 5 नये आर0सी0एच0 रजिस्टर उपलब्ध पाये गये किन्तु उन्हे उपयोगित नहीं किया जा रहा। सीबैक फार्म उपलब्ध नहीं पाये गये। | आर0सी0एच0 रजिस्टर एवं सीबैक फार्म उपयोग करने के हेतु निर्देशित किया गया। | **सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0** |
| 5 | एच0आर0पी0 का चिन्हीकरण नहीं किया जा रहा है तथा पृथक रूप से रजिस्टर भी नहीं बनाया गया है। | एच0आर0पी0 चिन्हीकरण करने एवं रजिस्टर मानकानुसार बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | **सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0** |

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– ग्राम परशहर

दिनांक 03 मार्च 2021 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–बांदा, एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस– ग्राम परशहर, नरैनी का भ्रमण किया गया। पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | ए.एन.एम. को एच.आर.पी. चिन्हीकरण के संबध में जानकारी, डिजिटल ब्लड प्रेशर मशीन की रीडिग सही नहीं। | सही ब्लड प्रेशर मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी से 15 दिन में कार्यवाही अपेक्षित |
| 2 | गर्भवती की जांच हेतु स्थान की उपलब्धता किन्तु सत्र स्थल पर जांच की उचित सुविधाये नही। | ए.एन.एम. को सत्र स्थल पर जांच हेतु सुविधाये व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये। | ए.एन.एम. से कार्यवाही अपेक्षित |
| 3 | सत्र स्थल पर आशा व आंगनबाडी कियाशील, परन्तु उनके पास भी बच्चों के एच0बी0एन0सी0 किट के अर्न्तगत प्रदत्त वजन की मशीन नही, क्षेत्र भ्रमण में भी उपयोग नही। | आशा को एच0बी0एन0सी0 किट के साथ क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिये गये। | आशा से कार्यवाही अपेक्षित |
| 4 | आंगनबाडी के पास ग्रोथ मानीटरिंग चार्ट और एम0यू0ए0सी0 टेप उपलब्ध नहीं। | ग्रोथ मानीटरिंग चार्ट और एम0यू0ए0सी0 टेप साथ क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिये गये। | आंगनबाडी से कार्यवाही अपेक्षित |
| 5 | आशा द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 3 वर्षो से जननी सुरक्षा योजना व नसबन्दी हेतु कई लाभार्थीयों का भुगतान नहीं हो सका है। आशा द्वारा ऐसे कई लाभार्थीयों की सूची भी उपलब्ध करायी गई। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक व प्रभारी चिकित्साधिकारी को ऐसे लाभार्थीयों की सूची भी उपलब्ध करायी गई। | प्रभारी चिकित्साधिकारी से 15 दिन में कार्यवाही अपेक्षित |

**मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ बैठक – दिनांक 05 मार्च 2021**

**दिनांक 05 मार्च 2021 को राज्य स्तरीय दल द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, बांदा से बैठक कर जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ फीडबैक शेयर किया गया जिसमें अन्य कार्यकमों के नोडल अधिकारियों तथा जिला कार्यकम प्रबंधन इकाई के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में निम्न फीडबैक दिये गये–**

1. वित्तीय वर्ष 2020–21 में जनपद– बांदा हेतु स्वीकृत कार्ययोजना के बजट रु0 5903.91 लाख के सापेक्ष माह जनवरी तक 2980.47 लाख ही व्यय किया गया जो कि व्यय का महज 50.48 प्रतिशत ही है। जनपद में भ्रमण के दौरान प्रथम दिवस से ही जिला लेखा प्रबंधक से वित्तीय वर्ष में हुए कम खर्च सम्बन्धी गैप एनालिसिस का विवरण आदि सूचनायें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया किन्तु जिला लेखा प्रबंधक द्वारा वांछित सहयोग प्रदान नही किया गया जिससे भ्रमण के दौरान चिकित्सा इकाइयों पर व जनपदीय नोडल अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में वित्तीय मामलों का संज्ञान नहीं लिया सका।
2. जनपद में रोगी कल्याण समितियों के खाते में वर्तमान वित्तीय वर्ष में लगभग 350.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की जानी थी जो कि मार्च माह के प्रथम सप्ताह तक अवमुक्त नही की गई, मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा शीघ्र ही धनराशि अवमुक्त करने हेतु आश्वासन दिया गया। अनुरोध

किया गया कि चिकित्सा इकाइयों के एक्शन प्लान के आधार पर मानकों को ध्यान में रखते हुए व्यय किया जाये। रोगी कल्याण समिति (आर0के0एस0) रजिस्टर सही तरीके से भरे जाये तथा उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

3. अनुरोध किया गया कि राज्य स्तर से कार्यक्रमों/गतिविधियों हेतु आवंटित बजट का उपयोग नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ निर्धारित एफ0एम0आर0 कोड में बुकिंग भी सुनिश्चित करें, आर0बी0एस0के0 कार्यकम में गलत एफ0एम0आर0 कोड में की गई बुकिंग को सही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।

4. जनपद में सीजेरियन आपरेशन की सुविधा विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में जिला महिला चिकित्सालय समेत किसी भी अन्य एफ0आर0यू0 पर उपलब्ध नही है जिससे सभी 3 एफ0आर0यू0 निष्क्रिय है, साथ ही इन चिकित्सा इकाइयों पर ब्लड स्टोरेज की सुविधा नही है। मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति में प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की गई, अवगत कराया कि जिला महिला चिकित्सालय पर सीजेरियन आपरेशन शुरु कराये जाने के प्रयास किये जा रहे है।

5. जनपद में स्थापित रक्त कोष में ब्लड कम्पोनेंट सेंटर जिसकी क्षमता प्रति माह 5000 यूनिट कम्पोनेंट बनाने की है जिसके सापेक्ष सिर्फ 1000 यूनिट ही कम्पोनेंट बनाया जा रहा है, साथ ही जनपद में स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत भी काफी कम है तथा बी0सी0टी0वी0 वैन का भी संचालन काफी कम है। ब्लड बैंक हेतु आवंटित धनराशि का समय से ट्रांसफर न होने से भी कठिनाई हो रही जिससे मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय को अवगत कराया गया।

6. अनुरोध किया गया कि प्रत्येक माह स्थलीय पर्यवेक्षण करते हुये आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य रिकार्ड को सही तरीके से अपडेट तथा व्यवस्थित करना सुनिश्चित करें। विभिन्न पोर्टल पर अपडेशन ससमय करें।

7. प्राथमिक/सामुदायिक/स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर लेबर रूम एम0एन0एच0 टूलकिट के अनुसार व्यवस्थित करायें।

8. जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत डायट रजिस्टर तथा मैन्यू समस्त इकाईयों पर उपलब्ध/प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें। मानकानुसार डाइट रजिस्टर व्यवस्थित करने व तदनुसार ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यकम के अर्न्तगत व्यय सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।

9. वी0एच0एन0डी0 सत्रों पर किशोर-किशोरियों हेतु आयरन की नीली गोली, आई0पी0वी0 व पी0सी0वी0 के इन्जेक्शन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

10. जनपद तथा ब्लाक स्तर पर निर्धारित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को सम्पादित किया जाये तथा भ्रमण आख्या को डिस्ट्रिक्ट अपलोड फैसीलिटी पर अपलोड कराया जायें। साथ ही साथ भ्रमण की चेकलिस्ट को पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(मसूद सालिम)
परामर्शदाता– परिवार नियोजन

(अभिषेक सोनी)
परामर्शदाता (नियोजन)